भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2004
दिनांक 17.12.2025 को उत्तरार्थ

स्वामित्व योजना

2004 # श्री महेंद्र भट्टः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक के साथ गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और मानचित्रण (स्वामित्व) योजना के अंतर्गत कुल कितने परिवारों को भूमि स्वामित्व प्रदान कर दिया गया है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है, जहां इस योजना को अभी तक लागू नहीं किया गया तथा इसके क्या कारण है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) पंचायती राज मंत्रालय स्वामित्व योजना के तहत शामिल किए गए घरों की संख्या का विवरण नहीं रखता है। अभी तक 1.82 लाख गांवों में 2.76 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। (इसका राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है)

(ख) पश्चिम बंगाल, बिहार, मेघालय और नागालैंड राज्यों ने स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना ने केवल कुछ पायलट गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण किया है और योजना को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, मणिपुर और झारखंड में यह योजना अभी रूकी हुई है। पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम और तमिलनाडु राज्यों के पास ग्रामीण आबादी वाले इलाकों का पहले से रिकॉर्ड है – इसलिए उन्होंने स्वामित्व योजना को लागू नहीं करने का फैसला किया है। तेलंगाना राज्य ने स्वामित्व को लागू करने के लिए मंत्रालय के अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया है। मेघालय संविधान की छठी अनुसूची के तहत आता है।

****

अनुलग्नक -I

स्वामित्व योजना के संबंध में राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2004 जिसका उत्तर दिनांक 17.12.2025 को दिया जाना है , के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	संपत्ति कार्ड तैयार करने वाले गावो की संख्या	तैयार किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	141	7409
आंध्र प्रदेश	0	0
अरुणाचल प्रदेश	0	0
असम	0	0
छत्तीसगढ़	2542	193353
दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	75	4397
दिल्ली	0	0
गोवा	410	672646
गुजरात	10166	1781744
हरियाणा	6260	2515646
हिमाचल प्रदेश	364	5419
जम्मू और कश्मीर	1294	43910
झारखंड	0	0
कर्नाटक	4930	1038215
केरल	0	0
लद्दाख	225	18788
लाक्ष्यद्वीप	10	13563
मध्य प्रदेश	39037	4610793
महाराष्ट्र	21870	3610729
मणिपुर	0	0
मिजोरम	30	4041
ओडिशा	43	1716
पुदुच्चेरी	92	2801
पंजाब	319	43922
राजस्थान	15081	1375449
सिक्किम	0	0
तमिलनाडु	0	0
तेलंगाना	0	0
त्रिपुरा	893	571783
उत्तर प्रदेश	70958	10848843
उत्तराखंड	7441	278229
कुल	**182181**	**27643396**

***